# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 28.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 03, पारिवारिक विवाद 02, पैसे का लेन-देन से संबंधित विवाद 01, मार-पीट से संबंधित विवाद 02, तथा शेष 08 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ भारत-नेपाल बॉर्डर पर थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 28.07.2026 को थाना मोहाना के ककरहवा चौकी पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सघन पेट्रोलिंग की गई। पेट्रोलिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। स्थानीय लोगों से वार्ता कर सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆आगामी त्यौहार चेहल्लूम व श्रावण मास के दृष्टिगत थानाध्यक्ष भवानीगंज द्वारा पीस कमेटी गोष्ठी का आयोजन कर उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेश- निर्देश से अवगत कराया गया तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण तथा विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 28.07.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार चेहल्लुम व श्रावण मास के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों व जूलूस आयोजको, तथा डीजे धारको के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी व शासन द्वारा जारी गाइड लाईन व उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनगवा नानकार की महिलाओं/बालिकाओ को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत थानाक्षेत्र के ग्राम बनगवा नानकार में मिशन शक्ति अभियान 5.0 द्वितीय चरण के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.हे0का0 अवधेश सिंह

02.रि0आ0 आदर्श कुमार

03 रि0म0आ0 बरखा रावत

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत जनपदीय एन्टी रोमियो टीम द्वारा जनपद के थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के जोगमाया मंदिर पर मिशन मजनू अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, बाजार, एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28/07/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी जनपदीय एन्टी रोमियो टीम उ0नि0 मीरा चौहान के नेतृत्व में जनपद के थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के जोगमाया मंदिर पर मिशन मजनू अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, बाजार, एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा राह चलते महिलाओं/बालिकाओं से अभद्र व्यवहार करने वालों को चेतावनी दी गई एवं महिला सुरक्षा हेतु जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर द्वारा 02 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते गुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर श्री अभय सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 28.07.2026 को अपराध एंव अपराधियो व वारंटी व वाछिंत व पु0घो0 के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर से 02 नफर एनबीडब्लू वारण्टीगण सम्बन्धित मा0 न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट बांसी महोदय द्वारा निर्गत एनबीडब्लू वारंट से सम्बन्धित वारंटी 01.राजेन्द्र पुत्र दुर्गाप्रसाद 02.प्रभावती पत्नी राजेन्द्र साकिनान डड़िया टोला भटौली थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को थानाक्षेत्र के ग्राम डड़िया टोला भटौली के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण -**

1.राजेन्द्र पुत्र दुर्गाप्रसाद साकिन डड़िया टोला भटौली थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

02.प्रभावती पत्नी राजेन्द्र साकिन डड़िया टोला भटौली थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 रामशीला यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.रि0का0 कृपाशंकर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0हो0गा0 अमिता थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना पथरा बाजार सीसी पुलिस टीम द्वारा ZFD योजना एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटना मे कमी लाये जाने के उद्देश्य से चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थल पर चेतावनी साइन बोर्ड लगाए गए व चन्द्रा पटेल इंटर कॉलेज पाली में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।**

आज दिनांक 28.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष पथा बाजार के नेतृत्व में थाना स्थानीय सीसी टीम द्वारा चन्द्रा पटेल इंटर कॉलेज पाली के विद्यालय प्रशासन के सहयोग से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी, सड़क सुरक्षा संबंधी विशेष सावधानियां, दुर्घटना में घायलों की मदद करने के संबंध में गुड समेरिटन योजना (पुरस्कार राशि 25000₹), अव्यस्क द्वारा वाहन चलाने संबंधित प्रावधान, रोड पर स्टैंटबाजी, तेज गति एवं गलत दिशा से वाहन चलाने आदि से होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी व दुर्घटना मे कमी लाये जाने के उद्देश्य से चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थल पर चेतावनी साइन बोर्ड लगाए गए | इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर नव नियुक्त आरक्षियों की मीटिंग ली गई तथा महोदय द्वारा सभी आरक्षियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 28.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बांसी शबेन्दु सिंह द्वारा थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर के साथ थाना जोगिया उदयपुर पर नव नियुक्त हुए रिक्रूट आरक्षियों की मीटिंग ली गई तथा महोदय द्वारा सभी आरक्षियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना चिल्हिया साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹3500/- को शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया जिससे शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक- 13.07.2026 को आवेदिका लाली बरई पुत्री राहुल शर्मा साकिन शाहा पकड़ी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या- 33107250083598 के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था। जिस पर थाना चिल्हिया साइबर सेल टीम द्वारा आवेदिका लाली बरई उपरोक्त के फ्राड धनराशि 3500/- रुपये को पीड़िता के खाता में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

01.प्र0निरी श्री राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 श्री शारदा प्रसाद थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
03.क0आ0 राम पाल थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
04.आरक्षी बृजेश कुमार, चन्द्रजीत यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.07.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 104/2026 धारा 87,137(2) 65(1) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अजीत पुत्र श्याम कुमार निवासी महुवारी थाना रुधौली जनपद बस्ती को लक्ष्मीगंज चौराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.अजीत पुत्र श्याम कुमार निवासी महुवारी थाना रुधौली जनपद बस्ती।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

01.उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह यादव चौकी प्रभारी कुर्थिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 अरविन्द यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹1200/- को शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया तथा शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व श्री पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार मिश्र थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक 06.07.2026 को आवेदक अमित त्रिपाठी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या- 33107260159261 के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें की शिकायत की गयी थी। जिस पर थाना इटवा साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक अमित त्रिपाठी उपरोक्त के फ्राड धनराशि 1200/- रुपये को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

01.संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 नागेंद्र सिंह साइबर प्रभारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
03.क0आ0 विपुल राय साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
04.आरक्षी सतीश गौड़ साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
05.महिला आरक्षी श्रीयंका सिंह, मंजू चौहान सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना पथरा बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से गोबध एंव पशु क्रूरता करने के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व ₹3,050/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 28.07.2026 को वाद सं0-608/06 मुअसं0-45/03 धारा 3/5(a)/8 गोबध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना पथरा बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती, न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त जहीर पुत्र जमीर अहमद निवासी मकान न0-1083 मौला खालापार थाना व जनपद मुजफ्फरनगर को जेल मे बितायी गयी अवधि व ₹3,050/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संदीप सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी युधिष्ठिर यादव थाना पथरा बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 28.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 28.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना जोगिया उदयपुर के साईबर सेल व पैरवी अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ सर्किल बांसी कार्यालय पर बैठक कर समीक्षा की गई एवं सर्व संबंधित को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।**

आज दिनांक 28.07.2026 को शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा सर्किल बांसी कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में साईबर सेल एवं पैरवी अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान साईबर अपराधों की रोकथाम एवं माननीय न्यायायालय में विचाराधीन अभियोगो में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाये जाने हेतु थाने द्वारा की जा रही पैरवी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित कार्यों का त्वरित निस्तारण करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।